# नगर पालिक निगम भिलाई

## त्रैमासिक पत्रिका
## जुलाई, अगस्त, सितम्बर संस्करण
## 2015




नगर पालिक निगम भिलाई



श्रीमती निर्मला यादव
महापौर

# संदेश

शहर में निवासरत सभी नागरिकों को मेरी शुभकामनााएं। भिलाई निगम अपनी पूरी क्षमता व लगन के साथ समस्त शासकीय योजनाओं को क्रियान्वित करने में अग्रसर है। हमारी यह प्रयास है कि शासन की समस्त योजनाएं हर वर्ग के व्यक्ति को बिना किसी भेदभाव के प्राप्त हो। महिलाओं के लिए विशेष योजनाओं का क्रियान्वयन कर महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में अग्रसर है।

आइये हम अपने शहर को बिजली, पानी, मकान एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं प्रदान कर सभी क्षेत्रों में अग्रणी बनाएं, और एक स्वच्छ और सुंदर भिलाई को संकल्पना को पूरा करें।

श्रीमती निर्मला यादव
महापौर
नगर पालिक निगम
भिलाई



श्री नरेन्द्र दुग्गा
आयुक्त (आई.ए.एस.)
नगर पालिक निगम
भिलाई

## संदेश

हमारा प्रयास है कि नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के सभी नागरिकों को मुलभुत सुविधाओं के साथ–साथ, शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ निरन्तर मिलता रहे। अपने सीमित संसाधनों एवं क्षमता के अनुरुप निगम के अधिकारी कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहें है। अमृत मिशन योजना के अंतर्गत शहर को प्रदूशण मुक्त करने एवं शहर के नागरिकों को शुद्ध पेयजल प्रदान करने की कार्य योजना को समय पर पुरा करने के साथ निगम भिलाई ई–गवर्नेन्स रिफॉर्म क्रियान्वयन हेतु कृत संकल्पित है। अपने नगर को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता है।

आयुक्त (आई.ए.एस.)
नगर पालिक निगम
भिलाई

## राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन

भिलाई नगर/ राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा 06 जुलाई से वार्ड कमांक 65 डुंडेरा के सतनाम भवन में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया, वित्तकार सहकारी बैंक के सहायक समिति प्रबंधक केशवलाल गजपाल उपस्थित रहे। गजपाल द्वारा बैंक से जुड़ने के विभिन्न लाभ के बारे में बताया गया। महिला स्व-सहायता समूहों के सदस्यों के व्यक्तिगत बचत खाते खोलने हेतु समझाया गया एवं बचत करने की आदत बनाने हेतु सुझाव दिया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के बारे में जानकारी देकर बीमा योजना से जुड़ने कि अपील की गई।

राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन का परिचय देते हुए मिशन के मैनेजर बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत शहरी गरीबों को आर्थिक एवं सामाजिक सुदृढ़ बनाने हेतु सामुदायिक गतिशीलता एवं संगठन विकास के तहत महिला स्व-सहायता समूह निर्माण कर उन्हें बैंक से ऋण राशि दिलवाना स्वरोजगार के तहत लघु उघम हेतु व्यक्तिगत एवं समूह ऋण के ब्याज पर सब्सिडी दिलवाना, कौशल उन्नयन कर रोजगार से जोड़ना, इत्यादि लाभ प्राप्त हो सकेंगे कार्यक्रम में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, भिलाई के सहायक परियोजना अधिकारी श्रीमती शांति चंद्राकर मिशन मैनेजर शीबा राबर्टस्, बासुदेव बनर्जी, एकता शर्मा एवं सामुदायिक संगठिका श्रीमती सरोज ठाकुर उपस्थित रहे।

जिलाधीश श्रीमती आर. संगीता के मार्ग दर्शन में 14 सितम्बर को सुपेला बस डिपो के प्रांगण में कौशल मेला का भव्य आयोजन किया जाएगा. इस मेले मे हुनर मंद युवाओं से 12 बजे तक आवेदन पत्र लिये जायेंगे. प्राप्त आवेदनों की स्कुटनी के पश्चात पात्र चयनित युवाओं को 16 सितम्बर को भिलाई सिविक सेंटर स्थित कला मंदिर कार्यशाला के अंतर्गत जानकारी दी जावेगी। कार्यशाला में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ औद्योगिक संस्था एवं बैंक के प्रतिनिधि भी उपस्थित रह कर युवा कौशल हुनर मंद को प्रोत्साहित करेंगे. बैंको के माध्यम से युवाओं को स्वरोजगार हेतु कम दरो पर लोन की सुविधा बैंक से दी जायेगी।

जिले के हुनर मंद युवा कौशल को रोजगार के प्रति प्रोत्साहित करने शासन एवं जिला प्रशासन द्वारा शहरी, ब्लाक स्तर पर विशेष शिविर के साथ ग्रामीण व शहरी युवाओं को चिन्हित कर उनको स्वेच्छानुसार स्वरोजगार हेतु व्यक्तिगत रूप से प्रोत्साहित एवं सहयोग किया जा रहा है। इस हेतु जिले के 14 से 45 वर्ष के युवाओं को आमंत्रित किया गया है।

कलेक्टर आर. संगीता ने जिले के सभी अधिकारियों को इस योजना का लाभ जरूरत मंदो तक पहुचाने के लिए विशेष अभियान चलाने के साथ व्यक्तिगत संपर्क कर युवाओं को चिन्हित करने कहा। उन्होंने सभी जरूरत मंद युवाओं को इसका लाभ लेने की अपील भी की ताकि परिवार को आर्थिक रूप से ठोस बना सके। उन्होंने कहा की यह शासन की महत्वाकांक्षी योजना है, इसमे किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होना चाहिए युवाओं को आगे आकर इस योजना का लाभ लेना चाहिए।

कलेक्टर आर. संगीता ने बस स्टेंड सुपेला एवं कला मंदिर में आयोजित कार्यक्रम के लिए स्थल भी देखी। साथ मे जिला एवं निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

भिलाई /नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर परिषद की बैठक महापौर श्रीमती निर्मला यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में भारत सरकार के शहरी विकास मंत्रालय द्वारा 25 जून 2015 तक देश के 500 शहर जिनकी जनसंख्या 1 लाख से अधिक है। के लिए अमृत मिशन (अटल नवीकरण एवं शहरी परिर्वतन मिशन) एवं स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत भारत सरकार के दिशा निर्देशो अनुसार स्मार्ट सिटी की प्रतिस्पर्धा में भाग लेने तथा प्रतिस्पर्धा में चयनित होने पर स्मार्ट सिटी योजना का राज्य सरकार के दिशा निर्देश के अनुसार सुधार तथा आनुषांगिक समस्त कार्यो के कियान्वयन के प्रस्ताव को सर्व सम्मिति से पारित किया गया।

आयुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने योजना के संबंध में बैठक में उपस्थित सदस्यों को जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ प्रदेश हेतु वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए शहरी जनसंख्या के आधार पर दो स्मार्ट सिटी का कोटा निर्धारित किया गया है स्मार्ट सिटी हेतु शहरो का चयन प्रतिस्पर्धा के माध्यम से किया जाना है जिसके लिए भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप आयोजित प्रतिस्पर्धा उपरान्त भारत सरकार को अनुशंसा की जावेगी भारत सरकार द्वारा सम्यक प्रयोजन हेतु गठित समिति द्वारा इस संबंध में अंतिम निर्णय कर विजेता शहरो का चयन स्मार्ट सिटी के लिए किया जावेगा । बैठक में राधिका नगर फेस–2 सुपेला भिलाई में आवासीय/व्यवसायिक भवनो का निर्माण एवं अद्योसंरचना का विकास कार्य छत्तीसगढ गृहनिर्माण मण्डल के साथ संयुक्त उपकम में करने का प्रस्ताव तथा सुखद सहारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन,इंदिरा गांधी राष्ट्रीय पेंशन विकलांग पेंशन वृद्धा पेंशन के प्रकरणों पर विचारोपरान्त सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया ।

बैठक में नीरज पाल, केशव बंछोर,लक्ष्मीपति राजू,चुम्मन देशमुख, भुपेन्द्र ठाकुर, रेणुका जोहन सिन्हा, श्वेता दिवाकर भारती, रेखा साहू, सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे ।



**ली स्वच्छता की शपथ**

नगर निगम मुख्यालय व स्कूलों में मंगलवार को महापौर निर्मला यादव द्वारा स्वच्छता को लेकर शपथ दिलाई गई। इस दौरान निगम के कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे।

फोटो: नईदुनिया।

# स्मार्ट कार्ड : कमिश्नर ने दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज . भिलाई

शहर में सभी के स्मार्ट कार्ड बनाए जाने हैं। इसमें परिवार के मुखिया का नाम भी दुरुस्त किया जाएगा। स्मार्ट कार्ड बनाने सर्वे भी होगा।

इसके लिए सोमवार को डिप्टी कलेक्टर मोनिका व निगम कमिश्नर एनके दुग्गा ने निगम अधिकारियों व कर्मियों को टिप्स दिए। स्मार्ट कार्ड बनाने के लिए 4 चरणों में शासकीय प्रायमरी स्कूल सुपेला में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में विस्तार से बताया गया। अधिकारी द्वय ने कहा कि सामाजिक आर्थिक जातिगत संगणना व राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना और सीएम बीमा योजना का काम सावधानी व गंभीरता से करवाना है। ऐसे परिवार जिनका स्मार्ट कार्ड पहले से बना है और मुखिया का नाम सामाजिक आर्थिक एवं संगणना सूची में नहीं है, ऐसे मुखिया के नाम के सामने स्मार्ट का कोड अंकित करना होगा। यदि सूची में दर्ज परिवार के मुखिया की मृत्यु हो गई है तो नए मुखिया का नाम जोड़े। इसमें सदस्यों का आधार कार्ड उपलब्ध नहीं होने पर मददाता सूची अथवा पहचान पत्र का नंबर लिखा जाना जरुरी है। जिन परिवारों का नाम जनगणना सूची में है,उन परिवारो का भौतिक सत्यापन भी करें।

- परिवार के मुखिया का नाम भी दुरुस्त किया जाएगा।
- स्मार्ट कार्ड बनाने सर्वे भी होगा।




निगम कमिश्नर एनके दुग्गा अधिकारियों-कर्मचारियों को टिप्स देते हुए।

## संगणना सूची पर दें ध्यान

शिविर में फार्म व कालम के अनुरुप उपस्थितों को स्मार्ट कार्ड के बारे मे समझाया गया। डिप्टी कलेक्टर मोनिका व श्री दुग्गा ने इस बात पर जोर दिया कि पंजीकृत व अपंजीकृत परिवारों की संख्या का योग संगणना सूची के योग से तथा मोहल्ले के कुल परिवारों की योग संख्या से किसी भी स्थिति में अधिक न हो। शिविर में मास्टर ट्रेनर दयाल दास साहू, गंभीर लाल चंद्राकर,श्याम सिंह व अजय तिवारी उपस्थित थे। सर्वे कार्य की निगरानी के लिए आयुक्त ने नोडल अधिकारी के रुप में आरके साहू अधिक्षण अभियंता, अशोक द्विवेदी सहायक आयुक्त, आईएल यादव स्वास्थ्य अधिकारी, एचके चंद्राकर राजस्व अधिकारी, अशोक पहाड़िया पीआरओ व संजय शर्मा सहायक अभियंता नियुक्त किये गए। सर्वे हेतु आवश्यक दस्तावेजों का वितरण जनगणना शाखा निगम कार्यालय से 8 सितंबर को किया जाएगा।

नगर पालिक निगम भिलाई

# योजना बनाकर सफाई करने आयुक्त ने दिए निर्देश



भिलाई । स्वच्छ भारत अभियान को लेकर निगम आयुक्त नरेन्द्र दुग्गा ने स्वास्थ विभाग की बैठक लेकर निर्देशित किया कि हमें भिलाई के वार्डो की साफ-सफाई को लेकर कार्य योजना बनाना है उसी के अनुरूप स्वच्छता कार्य किया जाना है। शहर की सफाई स्वच्छता को लेकर निगम का स्वास्थ अमला 7 जुलाई से 9 जुलाई तक प्रत्येक वार्ड से व्यवसायिक परिसर से झिल्ली पन्नी,डिस्पोजल अन्य वेस्ट सामाग्री जो सडको पर फैंक देते है उसे एकत्र कर बोरो में रखेगे ताकि वार्डो से बेकार वेस्ट सामाग्री हट सकें। श्री दुग्गा ने मानसून को देखते हुए स्वच्छता निरीक्षक, स्वच्छता पर्यवेक्षक, वार्ड सुपर वाइजर से एक-एक वार्ड को शत् प्रतिशत घर-घर से कचरे एकत्र कर कचरे से शून्य वार्ड बनाने का प्रयास एवं इस दिशा में कार्य करने को कहा। जोन 1 नेहरू नगर के स्वच्छता निरीक्षक व स्वास्थ कर्मचारियो ने जोन के सम्पूर्ण 9 वार्डो से कचरा उठाने एवं घर-घर से कचरा एकत्र करने का आश्वासन दिया । जोन 2 वैशाली नगर के 7 वार्ड, जोन 3 के 5 वार्ड, जोन 4 के 7 वार्ड जोन 6 के 2 वार्डो के घरो से नियमित रूप से कचरा लेने का कार्य किया जायेगा। कचरे घर से ही एकत्र कर लेने पर सडके एवं नलियो में घर के कचरे नही बिखरेगे जिससे सडक साफ नालिया जाम रहित रहेगे। आयुक्त ने इसके लिए स्वास्थ अधिकारियों को पर्याप्त मात्रा में रिक्शे उपलब्ध कराने की व्यवस्था के साथ कार्य योजना बनानें जिसमें एक घर भी न छुटे वार्डो के शत् प्रतिशत घरो तक सफाई मित्र पहुचकर कचरे एकत्र करे। इस कार्य को सभी स्वच्छता निरीक्षक स्वास्थ प्रभारी प्राथमिकता के साथ करे। आयुक्त ने वार्डो की स्वच्छता के लिए महिला आरोग्य समिति के सदस्य स्वास्थ कार्यकर्ता, मितानिन को जोडते हुए वार्डो की सफाई के लिए उनको जिम्मेदरी देने एवं जो भी आरोग्य समिलि अपने वार्ड की सफाई करना चाहती है वे सीधे आवेदन करे, ताकि उन्हे इससे जोडा जा सके। आरोग्य समिति ,मितानिनो की समिति वार्डो मे है इस समिति के माध्यम से वार्ड में किसी भी बिमारी, उल्टी, दस्त, बुखार की दवाईयो उनके पास उपलब्ध है। जो अपने -अपने वार्डो में प्रारंभिक उपचार कर उसे स्वस्थ कर सकते है। आवश्यक होने से उन्ही के माध्यम से उन्हे उपचार हेतु चिकित्सालय ले जाएगा। आयुक्त नरेन्द्र दुग्गा ने स्वास्थ विभाग से प्रतिदिन संध्या के समय शहर में सडे गले खाद्य पदार्थ,मांस मटन,के विक्रय का परीक्षण निरीक्षण करने को कहा तथा ऐसे अयोग्य खाद्य पदार्थ को नष्ट करने की कार्यवाही करें। ताकि शहर में कही भी अखाद्य सामाग्री का विक्रय ना हो। शासन ने पालिथिन के विक्रय व उपयोग में प्रतिबंध लगाया है। सभी स्वच्छता निरीक्षक जोन से दल बनाकर इसका निरीक्षण करे। उपयोग व विक्रय करने वाले पर सक्त कार्यवाही करे। जुर्माना की राशि वसुल करे । आयुक्त दुग्गा ने स्वच्छता के कार्य में लगे सभी कामगारो का बीमा कराने के साथ उनका नियमित स्वास्थ परीक्षक करने को कहा ताकि उनका स्वास्थ ठीक बना रहें। बैठक में स्वास्थ अधिकारी आईएल यादव स्वच्छता निरीक्षक यशंवत चतुर्वेदी, महेश पाण्डे,अशोक पंडा, जगन्नाथ कुशवाह,सुनील वर्मा, व्ही.के. सैमुवल, जेपी चन्द्राकर, राजेश कुमार गुप्ता, संदीप, राजेश शुक्ला, कमलेश द्विवेदी, पुनित बंजारे, अशोक देवागंन, वारिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक अशोक कनौजे, साहयक आयुक्त अशोक द्विवेदी, अधीक्षक देवव्रत देंवागन, सहायक अभियंता तपन अग्रवाल उपस्थित थे।

नगर पालिक निगम भिलाई

# सुकन्या समृद्धि योजना को जन-जन तक पहुंचाये-दुग्गा

भिलाई नगर 22 अगस्त ( मको )। निगम आयुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने नगर निगम क्षेत्र में बालिकाओं के लिये सुकन्या समृद्धि योजना को सफल क्रियान्वयन किये जाने तथा योजना को अधिक से अधिक लोगो तक पहुचांने के निर्देश देते हुए प्रभारी समाज कल्याण अधिकारी मुकेश अग्रवाल को निर्देशित किया। सुकन्या समृद्धि योजना के अन्तर्गत बेटी बचाओ व बेटी पढाओ के लिए लघु बचत योजना लागू किया गया है। इस योजना में जन्म से 10 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाले बालिकाओं का खाता खोला जा सकता है जिसके लिये जन्म प्रमाण पत्र अथवा अस्पताल द्वारा प्रमाण भी मान्य होगा। खाते में रकम 14 वर्ष पूर्ण होने तक जमा की जा सकेगी । एक वित्तिय वर्ष में न्यूनतम 1000 रू. तथ अधिकतम 1,50,000 रूपये की राशि जमा की जा सकती है। बालिका के 21 वर्ष पूर्ण होने पर खाता परिपक्व होगा । इस योजना को निगम क्षेत्र में शत प्रतिशत सफल बनाने तथा योजना की जानकारी हेतु समस्त पार्षदो, प्रशासकीय अधिकारियों, स्वच्छता निरीक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से सम्पर्क कर फार्म भरा जा सकता है। सुकन्या समृद्धि योजना का फार्म सभी डाक घरो में भी भरा जावेगा ।


**Editorial Board**

श्री नरेन्द्र दुग्गा
आयुक्त (आई.ए.एस.)
नगर पालिक निगम
भिलाई



**Contact & Address**

श्री अशोक पहाड़िया
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई